दिल्ली, उत्तर प्रदेश, हिमाचल प्रदेश में प्रसारित हरियाणा का हिन्दी दैनिक

# सत्यजय टाईम्स

SJT

वर्ष-12, अंक-207 शुक्रवार 28 जुलाई, 2023, पृष्ठ 8, मूल्य 2 रुपये (फरीदाबाद से प्रकाशित) प्रातःकालीन संस्करण हिन्दी दैनिक

RNI NO HARHIN/2012/43543 Ph. 0129- 4042533, Email: sjtfaridabad@gmail.com @SatyajayT satyajaytimes

28 july satyajay times c:29-dummy-1 7/27/2023 10:16 PM Page 8



## संक्षिप्त समाचार

# अग्रवाल कॉलेज में मनाया युवा संवाद@ 2047

**बल्लभगढ़, 27 जुलाई, सत्यजय टाईम्स/विजय चौहान।** वीरवार को अग्रवाल कॉलेज में आजादी का अमृत काल महोत्सव मनाने की कड़ी में युवा संवाद कार्यक्रम का आयोजन प्राचार्य डॉ कृष्णकांत गुप्ता के दिशा निर्देशन में



किया गया। यह कार्यक्रम डॉ. कृष्ण कांत गुप्ता की अध्यक्षता में किया गया। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डॉ. नरेंद्र कुमार प्राचार्य कन्या कॉलेज फरीदाबाद रहे। मुख्य अतिथि और निर्णायक मंडल का स्वागत तिलक लगाकर किया गया। इसके पश्चात दीपशिखा प्रज्वलित करके कार्यक्रम की शुरूआत की गई ।

इस अंतर कॉलेज कार्यक्रम में पांच मुख्य विषय चुने गए जिनमें युवाओं को संवाद प्रस्तुत करने के लिए कहा गया । इन विषयों में विकसित भारत का लक्ष्य, गुलामी या औपनिवेशिक मानसिकता का कोई भी निशान हटा दें, हमारी विरासत पर गर्व करें, एकता और एकजुटता और नागरिकों में कर्तव्य की भावना है मुख्य रहे। इस कार्यक्रम में निर्णायक मंडल में किरण आनंद, प्रोफेसर दिव्य ज्योति और डॉ. बांके बिहारी ने मुख्य भूमिका निभाई युवा संवाद के कार्यक्रम में 10 से अधिक अलग-अलग कॉलेजों से प्रतिभागियों ने हिस्सेदारी दर्ज कराई और एन०एस०एस० स्वयंसेवकों ने भी ध्यान पूर्वक इस कार्यक्रम को सुना। इस कार्यक्रम का आयोजन एन०एस०एस० कार्यक्रम अधिकारियों डॉ. शोभना गोयल, डॉ. सुप्रिया ढांडा और डॉ. सीमा मलिक की देखरेख में कराया गया । महाविद्यालय प्राचार्य डॉ. कृष्णकांत ने प्राचीन शिक्षा नीति इतिहास, गौरव को अपनाने पर बल दिया। प्राचार्य जी ने सभी प्रतिभागियों को शुभाशीष दिया और उनकी प्रशंसा की । मुख्य अतिथि नरेन्द्र कुमार ने महिला सशक्तिकरण पर बल दिया। इस कार्यक्रम में डॉ. के.एल. कौशिक भी उपस्थित रहे। इस कार्यक्रम में जे.सी. बोस विधि विश्वविद्यालय के साहिल कौशिक में प्रथम स्थान प्राप्त किया। अग्रवाल कॉलेज की सुजाता द्वितीय स्थान पर तथा डीएवी कॉलेज से दिव्या तृतीय स्थान पर रही। नेहा कौशिक के.एल. मेहता कॉलेज से और प्रगति पांडे सरस्वती कॉलेज को सांत्वना पुरस्कार दिए गए।